>

Title: Need to give central assistance to flood affected people in Bahraich Parliamentary Constituency.

श्री कमल किशोर 'कमांडो' (बहराइच) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। बहुत दिनों के बाद आज मुझे अपने संसदीय क्षेत्र बहराइच पर बोलने का मौका मिला है। बहराइच देश का वह इलाका है, जो नेपाल के बार्डर पर बसा हुआ है जहां गरीबी बहुत ज्यादा है। वहां के लोग बाढ़ से बहुत ही पीड़ित हैं। अनुसूचित जातियां, जनजातियां तथा मुस्लिम समुदाय के सबसे ज्यादा लोग वहां बसे हुए हैं, जिनकी हालात देखने के बाद यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर सबसे ज्यादा कहीं गरीबी है तो वह बहराइच में है।

मैं आपसे मांग करता हूं कि पिछले दिनों बाढ़ आई थी, उस बाढ़ में बहुत ज्यादा उनका नुकसान हुआ है। डिजास्टर मैंनेजमेंट से वहां मदद समय से नहीं मिल पायी है। मैं केन्द्र सरकार से यह निवेदन करता हूं कि उनकी गरीबी को देखते हुए, उन्हें हर तरह का योगदान प्रदान करने में केन्द्र सरकार की मदद होनी चाहिए।

मैं दूसरा सवाल यह कहता हूं कि 18 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसा आदेश पारित किया है, उसमें केवल अनुसूचित जाति ही नहीं बल्कि पिछड़ा वर्ग ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप एक ही विषय पर कहें। आपने बाढ़ के बारे में कह दिया। आप दूसरा विषय कल सदन में उठाइएगा। आप आसन के आदेश को मानिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री कमल किशोर 'कमांडो' : सभापति महोदय, मैं एक मिनट का समय चाहता हूं। ...(व्यवधान) पुनिया साहब ने जो सवाल उठाया है, मैं उसके साथ अपने को संबद्ध करता हूं। उस फैसले को दुबारा बदलने की आवश्यकता है।

21.00 hrs.

सभापति महोदय : मैंने सब माननीय सदस्यों से अनुरोध किया है कि जीरो आवर में एक विषय उठाएं। आप बाढ़ जैसा महत्वपूर्ण विषय उठा रहे हैं, लेकिन उसके साथ आरक्षण का विषय भी जोड़ें तो यह कदाचित ठीक नहीं होगा। बाढ़ के लिए आप राज्य सरकार को एक पत्र लिखें कि वह केन्द्र सरकार को मैंमोरंडम भेजे तभी यहां से टीम जाएगी।